**दिनांक 07.08.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में 60 सेट ऑफिसर्स आवास एवं हॉस्टल परिसर, नेहरू पथ, पटना के पुनर्विकास कार्य हेतु EPC (Engineering, Procurement and Construction) आधारित आमंत्रित पुनर्निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों के मूल्यांकन पर विचारार्थ विभागीय निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थितिः-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | 60 सेट ऑफिसर्स आवास एवं हॉस्टल परिसर, नेहरू पथ, पटना के पुनर्विकास कार्य। |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹246.2360 करोड़ (भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक-279(भ0) दिनांक 30.01.2025) |
| 3. | निविदित राशि | - | ₹244,07,31,242.00 |
| 4. | कार्य समाप्ति की अवधि | - | 30(तीस)माह |
| 5. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | - | EPC आधारित |
| 6. | परिमाण विपत्र की राशि | - | EPC आधारित |
| 7. | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 24.12.2025 |
| 8. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की प्रारंभ तिथि | - | 30.12.2025 |
| 9. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | - | 21.01.2026 |
| 10. | प्री-बीड की तिथि एवं समय (संशोधित) | - | (i) दिनांक 05.01.2026 को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना।<br>(ii) दिनांक 06.01.2026 को मुख्य अभियंता(पटना) के कार्यालय कक्ष में। |
| 11. | निविदा प्रसारण का माध्यम | - | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 12. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि, प्रकाशित समाचार पत्र का नाम एवं टेन्डर आई0डी0 | - | हिन्दुस्तान, दिनांक 30.12.2025, www.eproc2.bihar.gov.in पर एवं 121386 |
| 13. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | 020597(भवन)/2025-26 |
| 14. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | - | **(I)** MAA VAISHNO INFRACONTRACT, TC-13-V/6A, VIBHUTI KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW-226010<br>**(II)** VASCON ENGINEERS LTD., VASCON WEIKFIELD CHAMBERS, BEHIND NOVTAL HOTEL, OPPOSITE HYATT HOTEL, PUNE NAGAR ROAD, PUNE-411014, MAHARASHTRA.<br>**(III)** SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY, SHANTI BHAWAN, NEAR BIHAR MOTOR WORK, BAHADURPUR, MAIN ROAD, KANKARBAGH, PATNA-800020<br>**(IV)** GIRDHARI LAL CONSTRUCTIONS PRIVATE LIMITED, 2899, D/5-B, AGGRAWAL COLONY, BATHINDA-151005<br>**(V)** SUPER ADYARAJ CONSTRUCTION COMPANY (JV), ADD: FLAT NO.-202, VISHNU PALACE, EAST BORING CANAL ROAD, PATNA, BIHAR-800001.<br>**(VI)** DIPASNHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APATTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001<br>**(VII)** RAM KRIPAL SINGH CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED, 702, PANCHWATI PLAZA, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND<br>**(VIII)** SHIVANSH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT PVT LTD., A-439, SECTOR 04, GOMATI NAGAR EXTENSION, LUCKNOW-226010.<br>**(IX)** V. SATHYAMOORTHY & CO., 41, PATEL STREET, ERODE-638001, TAMIL NADU |

15. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

**विषयांकित कार्य के प्रथम निविदा की कार्यवाही:-**

दिनांक 19.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरांत सर्वसम्मति से आमंत्रित निविदा बीड वैधता अर्थात 120 दिनों में निर्णय ना हो पाने एवं आमंत्रित निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारों द्वारा अपने बीड की वैधता 120 दिन के पश्चात विस्तारित करने पर सहमति प्राप्त नहीं होने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द कर शीघ्रतिशीघ्र पुनर्निविदा किये जाने का निर्णय लिया गया।

**वर्तमान में आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य की यह द्वितीयवार आमंत्रित निविदा है। उक्त निविदा में उपरोक्त कंडिका-14 में अंकित कुल नौ निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। नौ निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 63 अनु0 दिनांक 28.01.2026 द्वारा तकनीकी बीड अभिलेखों को मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

आमंत्रित निविदा की जमा करने की अंतिम तिथि 21.01.2026 थी। इस प्रकार दिनांक 21.05.2026 को निविदा की वैधता अर्थात 120 दिन पूर्ण हो गयी। मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 1305(प0) दिनांक 13.05.2026 द्वारा सभी निविदाकारों को निविदा की वैधता 60 दिन अतिरिक्त बढ़ाने पर सहमति/असहमति प्रदान करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। उक्त पत्र के आलोक में कुल नौ निविदाकारों में से मात्र आठ निविदाकारों द्वारा बीड की वैधता 60 दिन अतिरिक्त बढ़ाने पर सहमति प्रदान की गयी है एवं एक अद्द निविदाकार SHANTI CONSTRUCTION & COMPANY के द्वारा इस संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ।

16. **दिनांक 13.07.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से आमंत्रित निविदा के सभी निविदाकारों द्वारा बीड वैधता बढ़ाने पर सहमति नहीं प्राप्त होने के कारण आमंत्रित निविदा को रद्द करने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

17. **विभागीय निविदा समिति का निर्णय:-**

60 सेट ऑफिसर्स आवास एवं हॉस्टल परिसर, नेहरू पथ, पटना के पुनर्विकास कार्य के आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों के मूल्यांकन पर आहूत दिनांक 13.07.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7/8/26 | 07/08/26 | 7.8.26 | 7/8/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता(संरचना)<br>भ0नि0वि0, बिहार, पटना | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,<br>भ0नि0वि0, पटना | (प्रणव कुमार)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(पटना)यो0प्राक0-1-2/2025 10 पटना, दिनांक-7/8/2026

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7/08/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना